30/9/14 Library

NOIOAGZ L-II Hindi

समय : २:३० घंटे पूर्णांक : ७५

सूचना :- प्रश्न क्रमांक (४) के (अ) के लिए काल्पनिक नाम एवं पते का प्रयोग कीजिये।

प्रश्न - १) निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- (१६)

(क) "आम की यह डाल जो सूखी दिखी,
कह रही है – 'अब यहाँ पिक या शिखी
नहीं आते, पंक्ति मैं वह हूँ लिखी
नहीं जिसका अर्थ –
जीवन दह गया है।"

अथवा

"पर - पीड़ा से पूर – पूर हो
अमर – धवल गिरि के शिखरों पर
प्रियवर ! तुम कब तक सोये थे !
रोया यक्ष कि तुम रोये थे?
कालिदास ! सच – सच बतलाना !"

(ख) "यह पहली ही बार उसने मुँह खोलकर कुछ रुपयों का सवाल किया था। इस समय अगर वे दुम दबाकर निकल भागते हैं तो फिर उसे क्या मुँह दिखाएँगे? मर्द की एक बात – यह उसका फिकरा उनके कानों में गुंज - गूंजकर फिर गूंज उठता था।"

अथवा

"क्या ठीक है? अनुभवहीन, कामचोर, अस्वस्थ लोग जैसे किसी कल – कारखाने को नहीं चला सकते वैसा ही हाल देश के नेताओं का है। यूँ समझ लो कि जैसे आजकल के नौसिखिये डॉक्टर रोगियों के स्वास्थ्य और जीवन से खेल – खेलकर उपचार करना सीखते हैं, वही ट्रेनिंग आज हमारे सरकार चलने वाले प्राप्त कर रहे हैं।"

प्रश्न – २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (२४)

(च) 'सुख – दुःख' कविता के माध्यम से जीवन को परिभाषित कीजिये।

अथवा

दुष्यंत कुमार की 'गजलों' के सन्देश को अपने शब्दों में लिखिए। पीछे देखिये......

NO10AGZ

समय : २:३० घंटे पूर्णांक : ७५

(छ) 'मुगलों ने सल्तनत बख्श दी' रचना के व्यंग्य को अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'अंगद का पाँव' रचना के माध्यम से रेल व्यवस्था पर किये व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न – ३) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१०)

(ट) 'जो बीत गयी' रचना का सन्देश।

अथवा

'मुनासिब कारवाई' कविता की मूल संवेदना।

(ठ) 'सुदामा के चावल' रचना का व्यंग्य।

अथवा

'एक रेल सफ़र की बात' रचना का सारांश।

प्रश्न – ४) निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए :- (०५)

१) गीत – अगीत कविता में तट पर खड़ा गुलाब क्या सोचता है?

२) पन्त जी के अनुसार किसके मधुर – मिलन से जीवन परिपूर्ण होता है?

३) कवि के अनुसार अम्बर किसके टूटने का शोक नहीं मनाता?

४) लेखक दिल्ली क्यों जाना चाहते थे?

५) पंडित बिलवासी ने लोटे को कितने रुपयों में बेचा?

प्रश्न –(५) (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र का प्रारूप निर्मित कीजिए :- (१०)

१) अपने मित्र की वर्षगाँठ पर उसे बधाई देते हुए पत्र का नमूना तैयार कीजिये।

अथवा

पीछे देखिए....

NO10AGZ

२) अकस्मात बीमार पड़ जाने के कारण आप एक सप्ताह तक महाविद्यालय में उपस्थित नहीं हो सके हैं। अतः एक सप्ताह के अवकाश के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप निर्मित कीजिये।

(ब) कोष्ठक में दी गयी सूचना के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

१) मैं विदेश जाना नहीं चाहता था। (सकारात्मक वाक्य में बदलिए) (०२)

२) जा रहा है होता गरीब आज और गरीब। (वाक्य शुद्ध करके पुनः लिखिए) (०२)

३) आज़ादी मिल रही है। (पूर्ण वर्तमान काल में परिवर्तित कीजिये) (०२)

४) रेल सफ़र जेल सफ़र बन गयी है। (वर्तनी शुद्ध करके वाक्य पुनः लिखिए) (०२)

५) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- (०२)

१) आप बीती सुनाना।

२) नौ दो ग्यारह होना।

३) नाक में दम करना।

४) मिटटी से सोना उगाना।

****